a.com
। गाजियाबाद संस्करण, शनिवार, 26 दिसंबर 2009 । । पौष शुक्ल पक्ष, नवमी, संवत 2066, शक 1931

नईदुनिया

नईदुनिया मीडिया प्रा. लि. का प्रकाशन
दिल्ली-एनसीआर, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, रायपुर, बिलासपुर और भोपाल (नवदुनिया) से प्रकाशित

ी हत्या ▶▶ 11 | हिंदुत्व ही एकता का आधार : मोहन भागवत ▶▶ 13 | जीएसटी पर 8 जनवरी को हो सकता है फैसल

## क्रिसमस पर नि:शुल्क जांच शिविर

**गुड़गांव।** सुधा संस्था ने अपने सुधा से सुधार कार्यक्रम के तहत क्रिसमस के अवसर पर गरीब बच्चों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में 6 से दस साल के 40 गरीब बच्चों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर मुफ्त में दवाई दी गई। डॉ. राज देव पाटरो एवं डा. अरूबिधिसि ने इस कार्यक्रम को सफल बनाया। उप्पल साउथ एंड में साई बाबा मदिर के परिसर में आयोजित कार्यक्रम में गरीब बच्चों की निशुल्क शिक्षा की व्यवस्था कराई गई। संस्था के अध्यक्ष के भटनागर ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए चिकित्सकों व अन्य ,स्टाफ को धन्यवाद किया।

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

बैंड पहुंचाएगी मनोहर सरकार 1 नोट की किल्लत से युद्धस्तर पर निपटेगी मोदी सर

दिल्ली • उत्तर प्रदेश • मध्य प्रदेश • हरियाणा • उत्तराखण्ड • बिहार • झारखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगा

वर्ष 1 अंक 295
पृष्ठ 18+6=24
गुरुग्राम (दिल्ली एनसीआर), मंगलवार
15 नवंबर 2016
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 4.00

हर गांव में 2018 तक ब्रॉड

# स्कूलों में बाल दिवस का आयोजन



सुधा सोसाइटी की ओर से बाल दिवस के अवसर पर जरूरतमंद बच्चों के लिए आयोजित कार्यक्रम के दौरान दौड़ में हिस्सा लेते बच्चे।



नृत्य-नाटिका में हिस्सा लेने वाले बच्चों के साथ हरियाणा के राज्यपाल कप्तान सिंह सोलंकी।



शांति निकेतन पब्लिक स्कूल में प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेते विद्यार्थी।

**जागरण संवाददाता, गुरुग्राम :** शहर के स्कूलों व स्वयंसेवी संगठनों ने बच्चों के लिए बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई।

श्री राम ग्लोबल स्कूल, ग्रीनवुड सिटी गुडगांव व डीएलएफ गार्डन सिटी ने साथ मिलकर स्पोर्ट्स कांपलेक्स सेक्टर 91 में समारोह आयोजित किया। बच्चों ने की-चेन बनाने, रुमाल पर ब्लॉक प्रिंटिंग, नारा लेखन, चित्रकला, प्रश्नोत्तरी श्रृंखला गतिविधि में बहुत उत्साह से भाग लिया। इस दौरान बच्चों ने कुम्हार के चाक पर भी अपना हाथ आजमाया और विभिन्न तरह की कलाकृतियां बनाने की कोशिश की। समारोह का समापन पुरस्कार वितरण और बच्चों के लिए एक सुनहरी यादों के साथ हुआ।

फरुखनगर स्थित शांति निकेतन पब्लिक स्कूल में आयोजित समारोह में विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पहली से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए स्लोगन राइटिंग, पोस्टर मेकिंग, निबंध सहित अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। स्कूल के छात्रों का एक दल राष्ट्रपति भवन देखने भी गया।

सुधा सोसाइटी के तत्वाधान में जरूरतमंद बच्चों के लिए समारोह का आयोजन किया गया। साउथ सिटी टू के ए वन ब्लॉक में आयोजित समारोह में बच्चों के लिए कविता, पाठ, गीत, नृत्य व संवाद सहित कई अन्य प्रतियोगिताएं आयोजति हुई। इस दौरान विजेता विद्यार्थियों को तापोसी बनर्जी, दीप्ती गोयल, गीता पराशर, नीलिमा थॉमस, पवित्रा यादव, दिव्या शर्मा, चारू वाधवा, शेफाली गुप्ता, निधि अग्रवाल व संस्था के अध्यक्ष गोपाल भटनागर ने पुरस्कृत किया।

केआइआइटी कॉलेज में गुरु पर्व और कार्तिक पूर्णिमा बहुत धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान कॉलेज में पूर्णाहुति 11 कुंडीय यज्ञ का आयोजन किया गया। केआइआइटीके अध्यक्ष बलदेव राज कामराह ने कहा की जिस व्यक्ति से कुछ भी सीखते हैं वह हमारा गुरु हो जाता है और हमें उसका सम्मान अवश्य करना चाहिए। इस अवसर पर रजिस्ट्रार नीलिमा कामराह, सीइओ हर्ष कामराह, महा निदेशक एसएस अग्रवाल, एडमिन स्टाफ, शिक्षक और छात्र मौजूद थे। शाकुंतलम संस्था के कमजोर तबके के बच्चों द्वारा हरियाणा के राज्यपाल कप्तान सिंह सोलंकी के समक्ष नृत्य-नाटिका की प्रस्तुति दी। यह कार्यक्रम हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद, चंडीगढ़ द्वारा आयोजित किया गया था। संस्था की प्रमुख डॉ. नलिनी भार्गव ने बताया कि विद्यार्थियों ने ... आयोजन के लिए तैयारी की थी।

कुल पृष्ठ 16 + 48

संडे नईदुनिया

दिल्ली-एनसीआर, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, रायपुर, बिलासपुर और भोपाल (नवदु
मुंबई, लखनऊ, पटना, रांची, जयपुर, चंडीगढ़ और देहरादून से प्रका

1 ■ अंक 23 । www.naidunia.com । । राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र संस्करण (साप्ताहिक), रविवार, 27 सितंबर 2009 ।

## पर्यटन दिवस पर बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

गुड़गांव। राजकीय माध्यमिक विद्यालय ग्राम ईस्लामपुर में सुधा संस्था के द्वारा विश्व पर्यटन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने पेंटिंग, खेल, योग और प्रश्नावली प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के अध्यक्ष जीके भटनागर ने किया। मंच का संचालन अशोक महतो ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों ने हम होंगे कामयाब गीत से की। इसके साथ ही बच्चों ने एक के बाद एक गीत प्रस्तुत किए। इस मौके पर गांव के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। आर्ट ऑफ लिविंग की विजेता ने बच्चों को योग, ध्यान, खेल की प्रक्रिया बताई और बच्चों को हमेशा मुस्काते रहने के गुणों से अवगत कराया।

अमर उजाला

नई दिल्ली
6 सितंबर, 2009

## शहर में शिक्षकों के सम्मान में आयोजित हुए कार्यक्रम

गुड़गांव। शिक्षक दिवस पर शनिवार को विभिन्न शिक्षण संस्थानों में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जैकबपुरा स्थित वैदिक कन्या उच्च विद्यालय में छात्राओं ने कविताएं, गीत और गुरु वंदना प्रस्तुत की। मुख्य अध्यापिका सुशीला कपूर ने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि उन्हें सर्वप्रथम अपने कर्त्तव्यों व अधिकारों से परिचित होना चाहिए। स्मारिका पुस्तक का विमोचन भी किया गया जिसमें स्कूल के शिक्षकों के साथ अभिभावक भी उपस्थित रहे।

रवि नगर स्थित द्रोण पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अभिभावक व अध्यापकों का मनोरंजन किया। शिक्षकों को स्मृति चिह्न भेंटकर उनका सम्मान किया गया। एसडी आदर्श पब्लिक स्कूल में राजनीति में महिलाओं की भागीदारी विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें शहर के शिक्षक, डॉक्टर, और अधिवक्ताओं ने शिरकत की। वहीं, दरबारी पुर के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पेंटिंग, योग, खेल और प्रश्नावली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। ये कार्यक्रम सोसाइटी फॉर अपलिफ्टमेंट एंड डेवलपमेंट ऑफ ह्यूमन विंग बाई एक्शन नामक संस्था ने कराया है। मुख्य अतिथि पशुपालन विभाग के एसडीओ डॉ. एसएन भारद्वाज ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के लिए अति आवश्यक हैं।

नईदुनिया

दिल्ली-एनसीआर, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, रायपुर, बिलासपुर और भोपाल (नवदुनिया)
मुंबई, लखनऊ, पटना, रांची, जयपुर, चंडीगढ़ और देहरादून से प्रकाशित

वर्ष 1 ■ अंक 20 । *www.naidunia.com* । । राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र संस्करण, (साप्ताहिक) रविवार, 6 सितंबर 2009 ।

## शिक्षक दिवस मनाया

गुड़गांव। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दरबारीपुर हसनपुर में सोसाइटी द्वारा शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों ने पेंटिंग, योग, खेल प्रतियोगिता व प्रश्नावली प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. एस एन भारद्वाज (एसडीओ पशुपालन विभाग मेवात) ने शिरकत की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का अधिक से अधिक आयोजन होना चाहिए, जिसमें छात्रों की प्रतिभा को अधिक से अधिक बाहर आने का मौका मिले।ऐसे कार्यक्रमों से छात्रों को उनकी संस्कृति के बारे में पता चलता है व वे जागरूक भी बनते हैं।